बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

BSEIDC

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001; OHSAS 18001

hiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004

Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256

E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

पत्रांक– BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)- 275 पटना, दिनांकः....15.:01·2021

प्रेषक,

मुख्य अभियंता
BSEIDC, पटना।

सेवा में,

Binod Yadav,
Parasmani, Sarsi,
Distt.-Purnia.

विषयः– बिहार राज्य अंतर्गत **"Construction of Block Resource Centre at Narpatganj, Araria, SL. No.-79"** (एकरारनामा सं०–101 F2 of 2018-19 दिनांक–29.10.2018) को F₂ एकरारनामा के **Clause 3** के प्रावधानों के अंतर्गत **Rescind** करने के संबंध में।

प्रसंगः कार्य० अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल का पत्रांक–BSEIODC/PUR/EE-463 दिनांक–21.09.2020, पत्रांक–BSEIODC/PUR/EE-324 दिनांक–02.07.2020 तथा इस कार्यालय का पत्रांक–BSEIDC/TECH/2578/2017-4028 दिनांक–06.08.2020 ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के आलोक में कहना है कि **"Construction of Block Resource Centre at Narpatganj, Araria, SL. No.-79"** कार्य का एकरारनामा (**सं०–101 F2 of 2018-19) दिनांक–29.10.2018** को किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 28.01.2020 (15 माह) थी। कार्य की समाप्ति की तिथि से 11 माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल द्वारा आपको कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार निदेश दिया गया। पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–BSEIDC/TECH/2578/2017-4028 दिनांक–06.08.2020 द्वारा कार्य की धीमी प्रगति के कारण एकरारनामा की सुसंगत कंडिकाओं के तहत विषयक एकरारनामा को आपके Risk & Cost पर विखंडित कर Security Deposit को जब्त करते हुए आपके निबंधन को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 क (ii) के आलोक में काली सूची में दर्ज करने के संबंध में कारण पृच्छा की गई एवं सात दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में आपके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। वर्त्तमान में भी आपके द्वारा लम्बी अवधि से कार्य बंद रखा गया है।

उक्त के आलोक मे कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल के पत्रांक–BSEIODC/PUR/EE-463 दिनाक 21.09.2020 द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण बाध्य होकर एकरारनामा को विखंडित करने की अनुशंसा की गई है।

Scanned by CamScanner

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं लोकहित/कार्यहित में F2 एकरारनामा के Clause 3 के अंतर्गत Contract Agreement संख्या–101 F2 of 2018-19 दिनांक–29.10.2018 को तत्काल प्रभाव से आपके Risk & Cost पर विखंडित (Rescind) कर Performance Security जब्त की जाती है।

बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका– 11 क (ii) के आलोक में अन्य कार्रवाई भी की जायेगी। इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

15/1/21

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)- 275 पटना, दिनांक:.....15.01.2021

प्रतिलिपि: कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल, BSEIDC को निदेश दिया जाता है कि संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में तिथि निर्धारित कर अंतिम मापी कराकर शेष कार्य का प्राक्कलन एवं परिमाण विपत्र तैयार कर समर्पित करें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

15/1/21

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)- 275 पटना, दिनांक:.....15.01.2021

प्रतिलिपि: कार्यपालक अभियंता (मु०)/लेखा पदाधिकारी, BSEIDC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/1/21

मुख्य अभियंता

Scanned by CamScanner